Bharat Taxi Launched in Gujarat; STCL Exchanges MoU with Adani Airports to Expand Airport Mobility Services

Gandhinagar, Gujarat | 27 June 2026

Marking a significant milestone in its nationwide expansion, Bharat Taxi, the cooperative mobility platform operated by Sahakar Taxi Cooperative Limited (STCL), was formally launched in Gujarat at Mahatma Mandir, Gandhinagar. On the occasion, STCL exchanged a Memorandum of Understanding (MoU) with Adani Airports to provide organised airport mobility services across airports managed by Adani Airports, further strengthening last-mile connectivity for air travellers while creating sustainable livelihood opportunities for Sarathis (driver-members).

The launch of Bharat Taxi in Gujarat reflects the platform's continued commitment to building a driver-owned cooperative mobility ecosystem that combines technology, transparency and cooperative ownership. Through its collaboration with Adani Airports, Bharat Taxi aims to offer passengers safe, reliable and digitally enabled transportation services while expanding earning opportunities for its driver-members.

27 જૂન, 2026

The MoU exchange took place in the esteemed presence of Hon'ble Union Home and Cooperation Minister Shri Amit Shah, Hon'ble Chief Minister of Gujarat Shri Bhupendrabhai Patel, Hon'ble Deputy Chief Minister Shri Harsh Sanghavi, Hon'ble Minister of Agriculture and Animal Husbandry Shri Jitubhai Vaghani, Hon'ble Minister of State for Cooperation Shri Rameshbhai Katara, Shri Jagdishbhai Vishwakarma, Dr. Ashish Kumar Bhutani, Secretary, Ministry of Cooperation, Government of India, Shri Manoj Das, Chief Secretary, Government of Gujarat, Shri Arun Kumar Solanki, Additional Chief Secretary, Cooperation, Animal Husbandry, Cow Breeding and Fisheries, Government of Gujarat, Dr. Jayen Mehta, Chairman, Bharat Taxi, Shri Ashokbhai Chaudhary, Chairman, Amul Federation, Shri Kishan Bhaiji Patni, Director, Bharat Taxi and Sarathi Representative, Shri Dhara Vallabh, Director, Bharat Taxi and Sarathi Representative, along with several other distinguished dignitaries and representatives from the cooperative sector.

The agreement was formally exchanged between Col. Himanshu, Chief Executive Officer, STCL, and Shri Lalit, Head – GTB, Adani Airports. Under the MoU, Bharat Taxi, operated by STCL on the cooperative principle of "Sarathi Hi Malik," will serve as an authorised airport mobility service provider across airports managed by Adani Airports.

As part of the partnership, Bharat Taxi will provide organised last-mile transportation between airports and destinations across the respective cities. The services will be introduced in a phased manner and will include dedicated passenger facilitation centres, designated pick-up and drop-off points, along with digital booking and cashless payment facilities. The initiative is designed to offer passengers a seamless, convenient and transparent travel experience while ensuring professional and reliable airport transportation services.

Bharat Taxi continues to expand its cooperative mobility network across India. As of 27 June 2026, the platform has registered 7.15 lakh Sarathis (driver-members) and 38.23 lakh customers nationwide. It has enabled cumulative earnings of ₹71.34 crore for its Sarathis, reinforcing its commitment to improving livelihoods through the cooperative model. In Gujarat alone, Bharat Taxi has onboarded more than 95,000 Sarathis and 7.19 lakh registered customers, making the state one of the platform's key growth markets.

Speaking on the occasion, Col. Himanshu, Chief Executive Officer, STCL, said:

"*The launch of Bharat Taxi in Gujarat and our association with Adani Airports represent an important milestone in expanding cooperative-led mobility services across the country. Our objective is to provide passengers with dependable, safe and technology-enabled last-mile connectivity while creating sustainable earning opportunities for our Sarathis. We are grateful to the Government of Gujarat and Adani Airports for their support and look forward to extending this unique cooperative mobility model to more airports across India*."

Built on the guiding principle of "Sarathi Hi Malik," Bharat Taxi places driver-members at the centre of its operations, ensuring that they directly benefit from the platform's growth. The collaboration with Adani Airports marks another significant step in expanding organised airport transportation through a cooperative model that benefits both passengers and Sarathis. It also reinforces STCL's long-term vision of building a transparent, technology-driven and driver-owned mobility network that delivers quality transportation services while empowering lakhs of driver-members across India.

Bharat Taxi (Sahakar Taxi Cooperative Limited) is a multi-state cooperative society of Sarathis built on the principles of fair earnings, shared ownership, and dignified livelihoods for drivers.

The platform is supported by leading national cooperative institutions, including National Cooperative Development Corporation (NCDC), Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited(IFFCO), Gujarat Cooperative Milk Marketing Federation (GCMMF), Krishak Bharati Cooperative Limited(KRIBHCO), National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India (NAFED), National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD), National Dairy Development Board (NDDB), and National Cooperative Exports Limited (NCEL).

Inspired by the vision of “Sahakar se Samriddhi” (shared prosperity through cooperation), Bharat Taxi aims to build a mobility system where drivers are not only service providers but also partners in the platform they support.

भारत टैक्सी का गुजरात में शुभारंभ; STCL ने अडानी एयरपोर्ट्स के साथ एयरपोर्ट मोबिलिटी सेवाओं के विस्तार हेतु MoU किया

गांधीनगर, गुजरात | 27 जून 2026

अपने राष्ट्रीय विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (STCL) द्वारा संचालित भारत टैक्सी का गुजरात में औपचारिक शुभारंभ महात्मा मंदिर, गांधीनगर में किया गया। इस अवसर पर STCL ने अडानी एयरपोर्ट्स के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य अडानी एयरपोर्ट्स द्वारा संचालित हवाई अड्डों पर संगठित एयरपोर्ट मोबिलिटी सेवाएं प्रदान करना है, जिससे यात्रियों के लिए बेहतर लास्ट-माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सके और सारथियों (ड्राइवर-सदस्यों) के लिए स्थायी आजीविका के अवसर उत्पन्न हों।

गुजरात में भारत टैक्सी का शुभारंभ इस बात को दर्शाता है कि प्लेटफॉर्म तकनीक, पारदर्शिता और सहकारी स्वामित्व के आधार पर एक ड्राइवर-स्वामित्व वाले मोबिलिटी इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। अडानी एयरपोर्ट्स के साथ यह साझेदारी यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और डिजिटल रूप से सक्षम परिवहन सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ सारथियों की आय के अवसरों को भी बढ़ाएगी।

27 જૂન, 2026

MoU का आदान-प्रदान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्रभाई पटेल, उपमुख्यमंत्री श्री हर्ष सांघवी, कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री जितुभाई वाघाणी, सहकारिता राज्य मंत्री श्री रमेशभाई कटारा, श्री जगदीशभाई विश्वकर्मा, डॉ. आशीष कुमार भूटानी (सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार), श्री मनोज दास (मुख्य सचिव, गुजरात सरकार), श्री अरुण कुमार सोलंकी (अतिरिक्त मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, गुजरात सरकार), डॉ. जयेन मेहता (अध्यक्ष, भारत टैक्सी), श्री अशोकभाई चौधरी (अध्यक्ष, अमूल फेडरेशन), श्री किशन भाईजी पटनी (निदेशक एवं सारथी प्रतिनिधि), श्री धारा वल्लभ (निदेशक एवं सारथी प्रतिनिधि) सहित सहकारी क्षेत्र के अनेक गणमान्य अतिथियों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ।

यह समझौता सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (STCL) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कर्नल हिमांशु और अडानी एयरपोर्ट्स के GTB प्रमुख श्री ललित के बीच औपचारिक रूप से संपन्न हुआ। इस MoU के तहत भारत टैक्सी, जो “सारथी ही मालिक” के सहकारी सिद्धांत पर कार्य करती है, अडानी एयरपोर्ट्स द्वारा संचालित हवाई अड्डों पर एक अधिकृत एयरपोर्ट मोबिलिटी सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करेगी।

इस साझेदारी के तहत यात्रियों को एयरपोर्ट से शहर के विभिन्न हिस्सों तक संगठित लास्ट-माइल परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, जिसमें समर्पित पैसेंजर फैसिलिटेशन सेंटर, निर्धारित पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ पॉइंट्स तथा डिजिटल बुकिंग एवं कैशलेस भुगतान सुविधाएं शामिल होंगी। यह

पहल यात्रियों को एक सहज, सुरक्षित और पारदर्शी यात्रा अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार की गई है।

भारत टैक्सी भारत में अपने सहकारी मोबिलिटी नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रही है। 27 जून 2026 तक प्लेटफॉर्म से देशभर में 7.15 लाख सारथी (ड्राइवर-सदस्य) और 38.23 लाख ग्राहक जुड़े हैं। अब तक यह प्लेटफॉर्म अपने सारथियों के लिए ₹71.34 करोड़ की संचयी आय सुनिश्चित कर चुका है, जो सहकारी मॉडल के माध्यम से आजीविका सशक्तिकरण को दर्शाता है। गुजरात में भी अब तक 95,000 से अधिक सारथी और 7.19 लाख ग्राहक जुड़ चुके हैं, जिससे राज्य इस प्लेटफॉर्म के प्रमुख विकास केंद्रों में से एक बन गया है।

इस अवसर पर कर्नल हिमांशु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, STCL ने कहा:

"गुजरात में भारत टैक्सी का शुभारंभ और अडानी एयरपोर्ट्स के साथ हमारी साझेदारी देश में सहकारी-आधारित मोबिलिटी सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और तकनीक-आधारित लास्ट-माइल कनेक्टिविटी प्रदान करना है, साथ ही सारथियों के लिए स्थायी आय के अवसर सृजित करना है। हम गुजरात सरकार और अडानी एयरपोर्ट्स के सहयोग के लिए आभारी हैं और इस मॉडल को देश के अन्य एयरपोर्ट्स तक विस्तार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"

“सारथी ही मालिक” के सिद्धांत पर आधारित भारत टैक्सी अपने ड्राइवर-सदस्यों को अपने संचालन के केंद्र में रखती है, जिससे वे प्लेटफॉर्म की वृद्धि का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त करते हैं। अडानी एयरपोर्ट्स के साथ यह सहयोग सहकारी मॉडल के माध्यम से संगठित एयरपोर्ट परिवहन सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल पारदर्शी, तकनीक-आधारित और ड्राइवर-स्वामित्व वाले मोबिलिटी नेटवर्क के निर्माण के भारत टैक्सी के दीर्घकालिक विज़न को और मजबूत करती है, जो देशभर में लाखों सारथियों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्यरत है।

भारत टैक्सी **(**सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड**)**

सारथियों (ड्राइवरों) की एक बहु-राज्यीय सहकारी संस्था है, जिसकी स्थापना न्यायसंगत आय, साझा स्वामित्व और ड्राइवरों के सम्मानजनक जीवनयापन के सिद्धांतों पर की गई है। यह मंच देश की अग्रणी सहकारी संस्थाओं के सहयोग एवं समर्थन से संचालित है, जिनमें नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (NCDC), इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइज़र कोऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO), गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (GCMMF), कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (KRIBHCO), नेशनल

एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (NAFED), नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD), नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (NDDB) तथा नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (NCEL) शामिल हैं।

"सहकार से समृद्धि" के विज़न से प्रेरित भारत टैक्सी एक ऐसे मोबिलिटी इकोसिस्टम के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहां ड्राइवर केवल सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म के भागीदार और सह-स्वामी भी हों। संस्था का उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से सारथियों को आर्थिक सशक्तिकरण, बेहतर अवसर और दीर्घकालिक समृद्धि प्रदान करना है।